भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 706

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

"पोषण ट्रैकर में क्षेत्रीय भाषाओं को सम्मिलित करना"

706. डॉ. गुम्मा तनुजा रानी:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क)क्या सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आसान उपयोग के लिए पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में क्षेत्रीय भाषाओं को सम्मिलित किया है;

(ख)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार इस एप्लीकेशन के उपयोग के लिए स्मार्टफोन और उचित इंटरनेट कनेक्टिविटी तक पहुंच प्रदान कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ड)इस एप्लिकेशन के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और(ख): पोषण ट्रैकर निम्नलिखित 24 भाषाओं में उपलब्ध है:-

हिंदी, अंग्रेजी, मलयालम, पंजाबी, बंगाली, असमिया, तेलुगु, कन्नड़, तमिल, गुजराती, मराठी, मैथिली, उर्दू, गारो, खासी, मणिपुरी, कश्मीरी, उड़िया, नेपाली, सिंधी, कोंकणी, डोगरी, बोडो और संथाली।

(ग) से (घ): मिशन पोषण 2.0 ने कार्यकर्त्रियों को स्मार्टफोन प्रदान किए हैं जिन्हें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा खरीदा जाता है। 28 मार्च 2023 को जारी दिशानिर्देशों में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 4G/5G सपोर्ट के साथ 'उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण/स्मार्टफोन' खरीदने की सलाह दी गई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए प्रति वर्ष 2000 रुपये भी प्रदान किए जाते हैं।

(ङ) पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन का उपयोग विभिन्न पोषण संकेतकों पर आंकड़ों जैसे लाभार्थियों का पंजीकरण, टेक होम राशन (टीएचआर- कच्चा राशन नहीं) और पका हुआ गर्म भोजन (एचसीएम) की प्रदायगी, बच्चों का विकास (ऊंचाई और वजन) को अपडेट करना, और पोषण संकेतकों की निगरानी करना (जैसे ठिगनापन, दुबलापन और कम वजन) को दर्ज करने के लिए किया जा रहा है।

पोषण ट्रैकर पर जून 2024 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 36 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के 10.26 करोड़ लाभार्थी (गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं - 1,12,20,991, 6 साल से कम उम्र के बच्चे - 8,91,73,482 और किशोरियां - 22,38,643) पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत हैं।

*****